BSKC – 105

सत्रीय कार्य

(जनवरी, **2025** एवं जुलाई, **2025** सत्रों के लिए)

BSKC – 105 लौकिक संस्कृत साहित्य (नाटक)

मानविकी विद्यापीठ

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली- **110068**

सत्रीय कार्य (2025-26)

पाठ्यक्रम कोड : **BSKC -105/2025-26**

प्रिय छात्र/छात्राओं,

यह सत्रीय कार्य शिक्षक जाँच सत्रीय कार्य (**TMA**) है। सत्रीय कार्य के लिए **100** अंक निर्धारित किए गए हैं। सत्रीय कार्य में पूरे पाठ्यक्रम से प्रश्न पूछे जायेंगे।

उद्देश्य : शिक्षक जाँच सत्रीय कार्य का उद्देश्य यह जाँचना है कि आपने पाठ्य सामग्री को कितना समझा है और आप उसे अपने शब्दों में कैसे प्रस्तुत कर सकते हैं। यहाँ पाठ्य सामग्री की पुनर्प्रस्तुति से तात्पर्य नहीं है वरन् अध्ययन के दौरान जो कुछ सीखा और समझा है उसे आप आलोचनात्मक ढंग से प्रस्तुत कर सकें।

निर्देश : सत्रीय कार्य आरम्भ करने से पूर्व निम्नलिखित बातों को ध्यान से पढ़िये :

1.) अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के पहले पृष्ठ के दाएँ सिरे पर अनुक्रमांक, नाम, पूरा पता और दिनाँक लिखिए।

2.) बाईं ओर पाठ्यक्रम का शीर्षक, सत्रीय कार्य संख्या और अपने अध्ययन केन्द्र का उल्लेख करें जैसा आगे दिखाया गया है :

अनुक्रमांक : ....

नाम : ....

पता : ....

पाठ्यक्रम का नाम/कोड : ....

सत्रीय कार्य कोड : ....

अध्ययन केन्द्र का नाम/कोड : ....

दिनाँक : ....

सत्रीय कार्य के लिए आवश्यक निर्देश

1. अध्ययन: सबसे पहले सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। फिर इससे संबंधित इकाईयों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए। अंत में प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ विशेष बातें नोट कर लीजिए और उन्हें तार्किक ढ़ग से व्यवस्थित कीजिए।

2. अभ्यास: उत्तर का प्रारूप तैयार करने से पूर्व नोट की गई बातों पर विचार कीजिए। अनावश्यक बातों को हटा दीजिए और प्रत्येक बिन्दु पर विस्तार से विचार कीजिए। निबन्धात्मक या टिप्पणीपरक प्रश्नों में आरम्भ और उपसंहार पर विशेष ध्यान दीजिए। उत्तर के आरम्भिक अंश में प्रश्न की संक्षिप्त व्याख्या और अपने उत्तर की दिशा का संकेत अवश्य दे देना चाहिए। मध्य भाग में आप उत्तर का मुख्य भाग आवश्यक विस्तार के साथ क्रमबद्धता और तार्किक ढ़ग से प्रस्तुत करें। उपसंहार में उत्तर का सार देना चाहिए।

यह सुनिश्चित कर लीजिए कि :

क) आपका उत्तर तार्किक और सुसंगत हो,

ख) उत्तर सही ढ़ग से लिखा गया हो तथा आपकी अभिव्यक्ति शैली और प्रस्तुति के पूर्णतया अनुकूल हो,

ग) आपके लेखन में भाषागत त्रुटियों न हों, विशेष रूप से मात्रा और व्याकरण संबंधी गलतियों से बचें।

3. प्रस्तुति: जब आप अपने उत्तर से पूर्णतया संतुष्ट हो जाएँ, तो उसे साफ़ और सुंदर अक्षरों में उत्तर पुस्तिका में लिख लीजिए तथा जिन बातों पर आप जोर देना चाहते हैं, उन्हें रेखांकित कर दीजिए।

शुभकामनाओं के साथ।

नोट: याद रखें कि परीक्षा में बैठने से पूर्व सत्रीय कार्य जमा कराना अनिवार्य है, अन्यथा आपको परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

--

सत्रीय कार्य जमा कराने की तिथियाँ:

जनवरी, 2025 सत्र के लिए : 30 सितम्बर, 2025

जुलाई, 2025 सत्र के लिए : 31 मार्च, 2026

सत्रीय कार्य : **BSKC – 105 लौकिक संस्कृत साहित्य (नाटक)**

पाठ्यक्रम कोड **BSKC – 105**

पाठ्यक्रम शीर्षक : **लौकिक संस्कृत साहित्य (नाटक)**

सत्रीय कार्य : **BSKC – 105/TMA/2025-26**

पूर्णांक : 100

नोट – सभी प्रश्न अनिवार्य हैं : -

(क) व्याख्या आधारित प्रश्न : - **10X3=30**

1. अधोलिखित पद्यांशों की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए: -

(अ) हृदय ! भव सकामं यत्कृते शङ्कसे त्वं

शृणु पितृनिधनं तद् गच्छ धैर्यं च तावत् ।

स्पृशति तु यदि नीचो मामयं शुल्कशब्द-

स्त्वथ च भवति सत्यं तत्र देहो विशोध्यः ॥

अथवा

अनुचरति शशाङ्कं राहुदोषेऽपि तारा

पतति च वनवृक्षे याति भूमिं लता च ।

त्यजति न च करेणुः पङ्कलग्नं गजेन्द्रं

व्रजतु चरतु धर्मं भर्तृनाथा हि नार्यः ॥

(ब) अन्तर्हिते शशिनि सैव कुमुद्वती मे

दृष्टिं न नन्दयति संस्मरणीयशोभा ।

इष्टप्रवासजनितान्यबलाजनस्य

दुःखानि नूनमतिमात्रसुदुःसहानि ।।

अथवा

अभिजनवतो भर्तुः श्लाघ्ये स्थिता गृहिणीपदे

विभवगुरुभिः कृत्यैस्तस्य प्रतिक्षणमाकुला ।

तनयमचिरात् प्राचीवार्कं प्रसूय च पावनं

मम विरहजां न त्वं वत्से शुचं गणयिष्यसि ॥

(ग) उल्लङ्घयन् मम समुज्ज्वलतः प्रतापं

कोपस्य नन्दकुलकाननधूमकेतोः ।

सद्यः परात्मपरिमाणविवेकमूढः

कः शालभेन विधिना लभतां विनाशम् ॥

अथवा

पुरुषस्य जीवितव्यं विषमाद् भवति भक्तिगृहीतात् ।

मारयति सर्वलोकं यस्तेन यमेन जीवामः॥

(ख) लघु उत्तरीय प्रश्न : - **5X5=25**

2. भवभूति के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को बताइए ।

3. प्रतिमानाटक के आधार पर भरत का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

4. "शरीरेऽरिः प्रहरति हृदये स्वजनः" इस सूक्ति को स्पष्ट कीजिए ।

5. 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' नाटक में प्रकृति के मानवीकरण को किस प्रकार दर्शाया गया है ? स्पष्ट कीजिए ।

6. मुद्राराक्षसम् नाटक के तृतीय अंक के सार का वर्णन कीजिए ।

(ग) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न : -

7. चाणक्य के चरित्र-चित्रण का सविस्तार विवेचन कीजिए । **10**

8. संस्कृत नाटकों की उत्पत्ति सम्बन्धी पाश्चात्य मतों का विस्तृत वर्णन कीजिए। **10**

9. 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' नाटक की कथावस्तु का सविस्तार वर्णन कीजिए। **10**

10. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर टिप्पणी लिखिए: - **5X3=15**

(अ) प्रहसन (ब) सूत्रधार

(स) पूर्वरङ्ग (द) नेपथ्य